## एक नजर में

### मंदसौर के 130 बूथों पर होगा भाजपा कार्यकर्ताओं का डिजिटल प्रशिक्षण




**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत संगठन एप पर डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को लेकर शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में उत्तर एवं दक्षिण मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा ने बताया कि मंदसौर नगर के 130 बूथों पर कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे संगठन एप पर डिजिटल पंजीयन को प्रभावी बनाया जा सके और बूथ स्तर पर संगठन को और सशक्त किया जा सके। उन्होंने शक्ति केंद्र प्रभारियों से प्रत्येक बूथ पर बैठक आयोजित कर सभी कार्यकर्ताओं का संगठन एप पर अनिवार्य डिजिटल पंजीयन कराने के निर्देश दिए। बैठक में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रभारी निरांत बग्गा एवं अनुप माहेश्वरी ने प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। बैठक का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ। प्रारंभ में पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संचालन मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत ने किया तथा आभार विनोद डगवार ने व्यक्त किया। बैठक में जिला एवं मंडल के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इनरव्हील क्लब की अनूठी पहल : महाविद्यालय की महिला कर्मचारियों का सम्मान और साड़ी वितरण



**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा महिला कर्मचारियों का सम्मान समारोह एवं साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वावधान में राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय, मंदसौर में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की महिला शक्ति का सम्मान और साड़ियों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य क्लब की पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्रीमती शकुंतला पोरवाल के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को साड़ियां भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर जे एस दुबे सर ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति सम्मान एवं सहयोग की भावना ही सेवा का वास्तविक स्वरूप है। इस अवसर पर दानदाता ऋतु पोरवाल, शोभिता पोरवाल का स्वागत क्लब द्वारा किया गया, प्रोफेसर डॉ ज्योति खिमेसरा एवं डॉ आशीष खिमेसरा का क्लब द्वारा आभार माना गया। साड़ी प्राप्त करने वाली महिलाओं ने शकुंतला पोरवाल एवं इनर व्हील क्लब मंदसौर के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्लब एडिटर किरण भामावत, उषा कुमावत, शशि झलोया सहित क्लब की पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं। सभी ने इस प्रकार के सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी निरंतर जनहितकारी गतिविधियां आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## नशे से दूर रहें युवा, तभी बनेगा सशक्त भारत : दादू

▶ विजन एकेडमी में किया अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**मंदसौर।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर विजन एकेडमी में विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने के उद्देश्य से एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष दादू पंथी, विशेष लोक अभियोजक, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, भारत सरकार ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन, खेल, शिक्षा एवं अच्छे मित्रों का चयन करने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि युवा स्वयं नशे से दूर रहने का संकल्प लें और दूसरों को भी जागरूक करें, तो भारत को नशामुक्त बनाने का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन की सफलता नशे में नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, श्रेष्ठ चरित्र और संस्कारों में निहित है।

विशिष्ट अतिथि देवेंद्र पाल सिंह सिसोदिया, निरीक्षक, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशे की लत व्यक्ति को अपराध, हिंसा, पारिवारिक विघटन और भविष्य के अंधकार की ओर ले जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में हो तो उसे समय रहते समझाने और उचित सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करें। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार एवं विभिन्न एजेंसियां नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही हैं।

अधिवक्ता भारती शर्मा ने अपने उद्बोधन में नशीले पदार्थों से संबंधित कानूनी प्रावधानों, अपराधों एवं उनके दंड की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार समाज के लिए गंभीर खतरा है तथा इससे जुड़े अपराधों में कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

## नि :शुल्क चिकित्सा शिविर कल नामी विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे सेवाएं

▶ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जिला सेन समाज, नंद सेवा संकल्प समिति एवं भलाई की सप्लाई की सराहनीय पहल

**शामगढ़।** जनसेवा एवं समाजहित के उद्देश्य से जीसीएस हॉस्पिटल अहमदाबाद, जिला सेन समाज मंदसौर, नंद सेवा संकल्प समिति मंदसौर एवं भलाई की सप्लाई शामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर रविवार 28 जून को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक सरदार पटेल हॉस्पिटल, गरोठ रोड, शामगढ़ में आयोजित होगा। शिविर में जीसीएस हॉस्पिटल अहमदाबाद के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की नि:शुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। जिसमें जनरल सर्जरी, कान-नाक-गला रोग (ईएनटी), हड्डी एवं जोड़ रोग (ऑर्थो एवं स्पाइन) से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि शिविर में आने वाले सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। इस जनहितकारी पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। आयोजक संस्थाओं ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस नि:शुल्क चिकित्सा सेवा का लाभ लें एवं अपने परिवार तथा परिचितों तक इसकी जानकारी पहुंचाएं।

## खेतों से मोटर-केबल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**मंदसौर। थाना अफजलपुर पुलिस ने किसानों के खेतों के कुओं से विद्युत मोटर और केबल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक 3 हॉर्स पावर की विद्युत मोटर, 70 फीट केबल तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। बरामद मशरूका की कुल कीमत करीब 11,500 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार 22-23 जून की दरमियानी रात अफजलपुर निवासी किसान रुघनाथ सिंह के खेत से मोटर और केबल चोरी होने की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दलौदा निवासी अभिषेक (22) और जहीर (22) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी का सामान जहीर से तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल अभिषेक से जब्त की। मामले में एक अन्य आरोपी सुमित निवासी दलौदा फरार है, जिसकी तलाश जारी है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय के नेतृत्व में की गई।

## राष्ट्रीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट स्पर्धा में 6 प्लेयर का चयन

**मंदसौर। जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन, मंदसौर के अध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि जिला पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट एसोसिएशन, मंदसौर के 6 खिलाड़ियों का चयन भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल 'पेंचक सिलाट' की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है, जो 25 से 28 जून तक महाराष्ट्र के नासिक में खेली जा रही है।**



कृष्ण वर्मा, प्रशस्ति सिंह, अंजलि कुमावत, नमन कुमावत, निश्चय सोलंकी, शताक्षी ग्वाला— इन सभी खिलाड़ियों का सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था सचिव गगन कुरील ने बताया कि यह खेल भारत सरकार के खेल मंत्रालय एवं खेल और युवा कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त खेल है। इसमें विजेता खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप का प्रावधान रहता है। जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन, मंदसौर के खिलाड़ियों को पिछले साल लाखों रुपए की स्कॉलरशिप मध्य प्रदेश शासन ने प्रदान की है, एवं स्पोर्ट्स कोटा से सरकारी नौकरी लगती है।

सभी खिलाड़ियों को जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, संस्था संरक्षक अनिल कियावत, गौरव अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, विकास भंडारी, लोकेंद्र कुमार डाबी, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्रिंसिपल के. सी. सोलंकी, एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी, पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी राजू कुमार, सुरेश बोराना, मध्य प्रदेश पेंचक सिलाट के अध्यक्ष अबरार अहमद, सचिव अभय श्रीवास, महेंद्र शुक्ला, सैयद आफताब आलम, असलम खान, सुनील हीवे ग्वाला, अशोक गहलोत, दिनेश चंदवानी, दुर्गेश बेलानी, कमलेश डोसी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, यशवंत सिंह राठौड़, हितेश सालवी, शाहिद हुसैन और दीनदयाल भावसार ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आम लोग और कार्यकर्ताओं के सहयोग से कांग्रेस मध्यप्रदेश में होगी मजबूत : अजयसिंह

**मंदसौर।** मौजूदा भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए संघर्ष जरूरी है। आम जनता और कार्यकर्ताओं के सहयोग से कांग्रेस मध्यप्रदेश में मजबूत हो सकेगी। ये उद्गार पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री अजयसिंह ने व्यक्त किए। वे संजीत मार्ग पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता की रविन्द्र सिंह रांका के कार्यालय पर कार्यकर्ताओ को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के हर मोर्चे पर असफल रही है। सिंह ने कहा कि आमजनों में सरकार को लेकर भारी आक्रोश है। श्रीसिंह ने कहा कि कांग्रेस के घर बैठे कार्यकर्ताओं मुख्य द्वारा में लाने के लिए अभिनव योजना को मूर्त रूप देने का सिलसिला प्रदेश में जारी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र सिंह रांका ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह को शाल श्रीफल भेट कर सम्मानित किया।



प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विक्रम विद्यार्थी, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य एवं सीतामऊ जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ओमसिंह भाटी, नपा में नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, पार्षद संगीता शैलेंद्र गोस्वामी, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष रूपल संचेती, सोमिल नाहटा, अंशाशु संचेती, मनोज भाचावत, तरूण खिंची, प्रीतिपालसिंह राणा, अशोक देवड़ा, मनोहर नाहटा, गजेन्द्र धाकड़, सुरेश भाटी, कमलेश सोनी लाला, पूर्व पार्षद शकील उद्दीन मियाजी सरकार, पूर्व पार्षद आशिया खान, मोहम्मद आसिफ हाफीजजी, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष दिलीप, देवड़ा, जिला कांग्रेस सचिव जगदीपसिंह बंटी, जिला कांग्रेस सचिव लक्ष्मण मेघनानी, अभिभाषक राजेंद्र तरवेचा, अभिभाषक भुवानीसिंह भाटी, चंद्रेश सोलंकी, पंकज जोशी, वरिष्ठ नेता नरेंद्र मारु, हरीश शर्मा, भूपेन्द्र शर्मा बंटी, सुभाष जैन, परवेज अख्तर, संजय ढेलावत, कैलाश मनवानी, मानसिंह मारु और अन्य मौजूद थे।

# नीमच

## एक नजर में

### नीमच बस स्टैंड पर सड़क हादसा, निजी बस की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

**नीमच।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बस स्टैंड में प्रवेश कर रही एक निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार लक्की पिता रामनिवास पाटीदार (19 वर्ष) निवासी ग्राम बामनिया अपने दोस्त मंगल सिंह के साथ नीमच कपड़े लेने आया था। खरीदारी के बाद दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान महू रोड की ओर से आ रही गीतांजलि बस, जो बस स्टैंड में प्रवेश कर रही थी, ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि लक्की सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद प्राण जीवन पारीक ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया और उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। हादसे के बाद बस स्टैंड पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि संबंधित गीतांजलि बस नीमच से झारड़ा मार्ग पर संचालित होती है। फिलहाल घायल युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



### पीने के पानी के संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा, वार्ड 14 में हंगामा, नई पाइप लाइन की मांग

**नीमच।** शहर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित बगीचा नंबर-10 क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर शुक्रवार को रहवासियों ने नाराजगी जताई। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि उन्हें दो दिन में केवल 10 मिनट ही पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे दैनिक जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। साथ ही गंदे पानी की आपूर्ति होने की शिकायत भी की गई। सूचना मिलने पर वार्ड पार्षद किरण शर्मा मौके पर पहुंचीं और नगर पालिका के जलकल विभाग के अधिकारियों को बुलाकर समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। अधिकारियों से पूछा कि अमृत 2.0 योजना के तहत अब तक इस वार्ड को क्यों नहीं जोड़ा गया। रहवासियों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से अमृत 2.0 योजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन अब तक धरातल पर कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में जल्द से जल्द नई पाइपलाइन बिछाकर नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। रहवासियों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया और नई पाइपलाइन का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए कलेक्टर कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।



## नीट मामले को लेकर नीमच में कांग्रेस का भाजपा पर बड़ा हमला

**नीमच।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी नीमच ने एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता की।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं, ओं पेपर लीक और भ्रष्टाचार के कारण देश के लाखों युवाओं का भविष्य संकट में है। नीट घोटाले को बताया 'संस्थानिक हत्या' तरुण बाहेती ने कहा कि नीट परीक्षा में हुए कथित महाघोटाले और धांधली से देशभर के 22.7 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने दावा किया कि परीक्षा में अनियमितता ओं और मानसिक



तनाव के कारण देशभर में 93 से अधिक अभ्यर्थियों ने आत्महत्या की है, जबकि हालिया विवाद के बाद डेढ़ महीने में ही 12 से अधिक छात्रों ने अपनी जान गंवाई।

उन्होंने इन घटनाओं को आत्महत्या नहीं बल्कि 'संस्थानिक हत्या' बताते हुए इसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर डाली। शिक्षा व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आज मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ बन चुकी है। उन्होंने न्हों दा वा किया कि हश्वश्वज्ञ, छ्वश्वश्व, क्रस्ञ्ट सहित प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म, कोचिंग, हॉस्टल और अन्य खर्चों में परिवार ला खों रुपये खर्च कर रहे हैं। कोटा और इंदौर जैसे शिक्षा केंद्रों में एक छात्र की सालाना पढ़ाई का खर्च 2 से 5 लाख रुपये तक पहुंच जाता है। कई परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए जमीन गिरवी रखने या कर्ज लेने को मजबूर हैं। ऐसे में यदि पेपर लीक और धांधली होती है तो सबसे बड़ा नुकसान छात्रों और उनके परिवारों को उठाना पड़ता है। मध्यप्रदेश को बताया 'घोटालों का टापू' तरुण बाहेती ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश लगातार परीक्षा और भर्ती घोटालों का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने न्हों व्यापमं, पटवारी भर्ती, नर्सिंग कॉलेज, आरक्षक भर्ती और शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़े विवादों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मामलों ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। 9 अगस्त तक चलेगा 'छात्रों की गूंज' अभियान उन्होंने न्हों बताया कि कांग्रेस आगामी 9 अगस्त तक जिलेभर में 'छात्रों की गूंज' जन-जागरण अभियान चलाएगी। अभियान के माध्यम से छा त्रों, त्रों प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों, अभिभावकों और आम नागरिकों को शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों और कांग्रेस की मांगों से अवगत कराया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस युवाओं के अधिकारों की लड़ाई संसद से लेकर सड़क तक लड़ रही हैं।



## अवैध उत्खनन-परिवहन करते एक जेसीबी और दो डंपर जब्त

**नीमच।** खनिज अधिकारी गजेन्द्रसिह डावर, खनिज निरीक्षक शिवानी साहू, प्रभारी खनिज निरीक्षक सुनिल जाधव और खनिज टीम द्वारा गुरूवार को अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध नयागांव, जावद, सिंगोली क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई की है।

कार्रवाई करते हुए खनिज गिट्टी एवं मिट्टी का अवैध उत्खनन परिवहन करते हुए एक जे.सी.बी., दो डम्पर को मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत जप्त किया गया है। उक्त वाहनों को पुलिस थाना सिंगोली, जावद, नयागाव की अभिरक्षा में आगामी आदेश तक सुरक्षार्थ खडा किया गया हैं। अवैध उत्खनन परिवहन में संलिप्त वाहनों का पंजीयन क्र. डम्पर आरजे 06 जीइ 7870 गिट्टी सिंगोली एवं ट्राला आरजे 09 जीडी 0379 मिट्टी जावद, जे.सी.बी. आरजे 32 इए 0876 नयागांव में जप्त किया गया हैं। यह जानकारी खनिज अधिकारी गजेन्द्र सिंह डाबर ने दी हैं।

## लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कर आपातकाल के संघर्ष को किया नमन

**नीमच।** आपातकाल दिवस पर विधायक दिलीप सिंह परिहार ने नीमच विधानसभा क्षेत्र के लोकतंत्र सेनानियों और जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए उनके संघर्ष, बलिदान को स्मरण कर नमन किया।

विधायक परिहार ने लोकतंत्र सेनानी शिवनारायण शर्मा, बाबूलाल चौधरी, वेणीराम पाटीदार, भगवान जी खंडेलवाल, राजेंद्र अग्रवाल एवं जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता किशनलाल जी नागदा का शाल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जिसमें लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया गया था। ऐसे समय में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वालों को राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा।

परिहार ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का त्याग, साहस और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके संघर्षों के कारण ही देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा संभव हो सकी। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

एक नजर ▶ डूब क्षेत्र में अवैध खेती करने वाले रसूखदारों पर आरोप

## रात में उजाड़ा जीरन तालाब के वेस्ट वीयर का निर्माण

**जीरन।** नगर की जीवनदायिनी और ऐतिहासिक रियासत कालीन जीरन तालाब के अस्तित्व पर कुछ स्वार्थी तत्वों की नजर लग गई है। तालाब के डूब क्षेत्र में अवैध रूप से खेती करने वाले कुछ रसूखदार किसानों के कारण न सिर्फ तालाब का वजूद खतरे में पड़ गया है। बल्कि पूरे नगर के विकास कार्य भी ठप हो रहे हैं।

जल संसाधन विभाग द्वारा तालाब की वेस्ट वीयर (चादर) की मरम्मत और उसकी ऊंचाई बढ़ाने का काम शुरू किया गया था। जो इन अवैध कब्जाधारियों को रास नहीं आया। नतीजतन रात के अंधेरे में तालाब के



दुश्मनों ने सरकारी विकास कार्य को तहस-नहस कर दिया, जिससे पूरे क्षेत्र के किसानों और आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

**आधी रात को साजिश:** जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग ने तालाब को मजबूती देने के लिए वेस्ट वीयर की मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया था। निर्माण एजेंसी के ठेकेदार ने दिनभर पसीना बहाकर कंक्रीट फिलिंग के लिए सरियों का एक मजबूत जाल बिछाया था और सेंटिंग लगाई थी। अगले ही दिन यहाँ आरसीसी का काम होना तय था। लेकिन काले कारनामे की हद पार करते हुए आधी रात के बाद तालाब के डूब क्षेत्र पर अवैध कब्जा जमाए बैठे कुछ किसानों ने मौके पर पहुंचकर सेंटिंग और सरियों का कीमती जाल उखाड़कर फेंक दिया। सुबह जब काम बंद मिला तो यह खबर नगर में आग की तरह फैल गई और ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

अवैध खेती करने वालों की इस कायराना हरकत के खिलाफ भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर और नपा उपाध्यक्ष मुकेश राव तावरे के नेतृत्व में किसानों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार से मिला और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। विधायक परिहार ने इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री आर.सी. भाभर से फोन पर बात की और सख्त लहजे में निर्देश दिए।

